चलो जी चलो खाटू इक बार

चलो जी चलो खाटू इक बार,
हो जायेगा तुम को भी सँवारे से प्यार,
हम को हुआ है तुम को भी होगा,
खाटू वाले से नीले वाले से प्यार,
चलो जी चलो खाटू इक बार,

जब राह दिखे न कोई मंजिल का हो न ठिकाना,
बस इक बार तू दिल से खाटू नगरी को जाना,
हम को हुआ है तुम को भी होगा,
खाटू वाले से नीले वाले से प्यार,
चलो जी चलो खाटू इक बार,

रूठा हो सारा ज़माना चाहे रूठी हो तकदीरे,
मेरे श्याम के दर पे कट ती दुःख की सारी जंजीरे,
हम को हुआ है तुम को भी होगा,
खाटू वाले से नीले वाले से प्यार,
चलो जी चलो खाटू इक बार,

हारे का है ये साथी जिस ने दिल इसपे हारा,
जब उस के दिन बदले है उस ने भी यही पुकारा,
हम को हुआ है तुम को भी होगा,
खाटू वाले से नीले वाले से प्यार,
चलो जी चलो खाटू इक बार,

अगर तू चाहे इस जग में तेरा मान कभी ना टूटे,
बस इक ही कोशिश करना रोमी श्याम कभी न रूठे,
हम को हुआ है तुम को भी होगा,
खाटू वाले से नीले वाले से प्यार,
चलो जी चलो खाटू इक बार,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10627/title/chlo-ji-chalo-khatu-ik-baar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |